महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर

दूरभाष:0151 -2970177 ई :मेल-registrar@mgsubikaner.ac.in

प. ( ) मगंसिंविबी/मगंसिंससशोधपीठ/2026/ दिनांक

विज्ञापन

महाराजा गंगा सिंह सतत् शोधपीठ के अन्तर्गत "महाराजा गंगा सिंह जीवन वृत्त : एक सम्पूर्ण साहित्य" परियोजना के लिए अस्थाई रूप से रिसर्च एसोसिएट (प्रथम) - एक पद, रिसर्च एसोसिएट (द्वितीय) - दो पद एवं रिसर्च असिस्टेंड - दो पद के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते है। उक्त पदों पर सेवाएं एक वर्ष या परियोजना अवधि पूर्ण होने जो भी पहले हो, तक के लिए अस्थाई रूप से ली जाएगी।

पात्रता

रिसर्च असिस्टेंट – (दो)

शैक्षणिक योग्यता– मान्यता प्राप्त संस्थान से इतिहास विषय में पोस्ट ग्रेजुएट, पीएच डी., पीएच.डी. उपाधि पश्चात् न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव (किसी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/सरकारी शोध संस्थान आदि में शोध परियोजना में कार्यानुभव/शोध पर्यवेक्षक के रूप में शोध कार्य अनुभव) एवं राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय स्तर की शोध पत्रिकाओं (जर्नल) में दो शोध पत्रों (पीयर–रिव्यू/ रेफर्ड) का प्रकाशन एवं एक पुस्तक (आई.एस.बी.एन. नम्बर सहित) के संपादन/लेखन का अनुभव। महाराजा गंगासिंह के व्यक्तित्व पर शोध कार्य कर चुके अथवा कर रहे अभ्यर्थी को प्राथमिकता।

आयु सीमा– 25 से 35 वर्ष।

मानदेय–30,000 रूपये प्रति माह।

समय सीमा– परियोजना आधारित शोध कार्य पूर्ण होने अथवा अधिकतम एक वर्ष।

रिसर्च एसोसिएट वर्ग प्रथम (दो)

शैक्षणिक योग्यता– मान्यता प्राप्त संस्थान से इतिहास विषय में पोस्ट ग्रेजुएट उपाधि, पीएच. डी, पीएच.डी. उपाधि पश्चात् न्यूनतम पांच वर्ष का अनुभव (किसी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/सरकारी शोध संस्थान आदि में शोध परियोजना में कार्यानुभव/शोध पर्यवेक्षक के रूप में शोध कार्य अनुभव)। राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय

स्तर की शोध पत्रिकाओं (जर्नल) में पांच शोध पत्रों (पीयर–रिव्यू/ रेफर्ड) का प्रकाशन एवं एक पुस्तक (आई.एस.बी.एन. नम्बर सहित) के संपादन/लेखन का अनुभव। **पुरालेखीय व अभिलेखीय स्रोतों पर कार्य करने का अनुभव रखने वाले को प्राथमिकता।**

आयु सीमा– 35 से 45 वर्ष।

मानदेय– 40,000 रूपये प्रति माह। यात्रा भत्ता राज्य सरकार के नियमानुसार।

समय सीमा– परियोजना आधारित शोध कार्य पूर्ण होने अथवा अधिकतम एक वर्ष।

रिसर्च एसोसिएट वर्ग द्वितीय (एक)

शैक्षणिक योग्यता– मान्यता प्राप्त संस्थान से इतिहास विषय में पोस्ट ग्रेजुएट उपाधि, पीएच. डी, पीएच.डी. उपाधि पश्चात् न्यूनतम आठ वर्ष का अनुभव (किसी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/सरकारी शोध संस्थान आदि में शोध परियोजना में कार्यानुभव/शोध पर्यवेक्षक के रूप में शोध कार्य अनुभव)। राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय स्तर की शोध पत्रिकाओं (जर्नल) में पांच शोध पत्रों (पीयर–रिव्यू/ रेफर्ड) का प्रकाशन एवं तीन पुस्तक (आई.एस.बी.एन. नम्बर सहित) के संपादन/लेखन का अनुभव। वांगमय आधारित शोध कार्य अथवा **पुरालेखीय व अभिलेखीय स्रोतों पर कार्य करने का अनुभव रखने वाले को प्राथमिकता।**

आयु सीमा– नहीं।

मानदेय– 60,000 रूपये प्रति माह। यात्रा भत्ता राज्य सरकार के नियमानुसार।

समय सीमा– परियोजना आधारित शोध कार्य पूर्ण होने अथवा अधिकतम एक वर्ष।

आवेदन हेतु अवधि :

उपरोक्त अस्थाई पदों के लिए योग्य इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 05–11–2026 से 18–11–2026 तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। विधिवत रूप से भरे हुए आवेदन पत्र की मूल प्रति मय सभी वांछित दस्तावेज की स्व प्रमाणित प्रति **निदेशक, महाराजा गंगा सिंह सतत् शोधपीठ, परीक्षा भवन, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय,राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 15, जैसलमेर रोड़, बीकानेर–334004 (राजस्थान)** के पते पर दिनांक 18–11–2026 तक अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाने

चाहिए। विलंब से प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नही किया जाएगा। डाक आदि में किसी प्रकार की देरी के लिए विश्वविद्यालय उत्तरदायी नही होगा।

नियम एवं शर्ते :

1. इस पद की सेवाएं पूरी तरह से अस्थायी है तथा इस सेवा को आगे जारी रखना अभ्यर्थी के संतोषजनक प्रदर्शन और प्रोजेक्ट की आवश्यकताओं एवं वित्तीय प्रावधानों पर निर्भर करेगा।
2. चयनित उम्मीदवारों को प्रोजेक्ट की अवधि के दौरान इस संस्थान या किसी अन्य संस्थान में किसी भी रेगुलर/पार्ट–टाइम नियुक्ति को स्वीकार करने पर उसे तीन माह की अवधि का नोटिस देना होगा अथवा तीन माह के मानदेय के बराबर राशि विश्वविद्यालय कोष में जमा करानी होगी।
3. अधूरे आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
4. चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने तथा उसके पश्चात् किसी भी उद्देश्य से किसी भी तरह की पैरवी/अनुचित प्रभाव/दबाव/हस्तक्षेप करने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और सेवाएं समाप्त कर दी जाएगी।
5. चयन समिति/सक्षम प्राधिकारी के पास बिना कोई कारण बताये आवेदन अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेंगा।
6. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में कुलगुरु का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
7. परियोजना की समाप्ति/वित्तीय कारणों/कार्य निष्पादन असंतोषजनक पाये जाने पर उक्त सेवाएं स्वतः ही समाप्त की जा सकती है। अभ्यर्थी को ऐसी स्थिति में किसी प्रकार का प्रतिकर अथवा क्षतिपूर्ति दावा करने का अधिकार नही होगा।

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर

क्रमांक : दिनांक :

विज्ञापन

महाराजा गंगा सिंह सतत् शोधपीठ के अन्तर्गत "महाराजा गंगा सिंह जीवन वृत्त एक सम्पूर्ण साहित्य" परियोजना हेतु रिसर्च एसोसिएट (प्रथम) - एक पद, रिसर्च एसोसिएट (द्वितीय) - दो पद एवं रिसर्च असिस्टेंट - दो पद पर योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन दिनांक 18-11-2026 तक आमंत्रित किये जाते है। उक्त पदों पर सेवाएं एक वर्ष अथवा परियोजना अवधि पूर्ण होने तक, जो भी पहले हो, के लिए पूर्णतः अस्थाई रूप से ली जावेगी। विस्तृत विवरण एवं आवेदन पत्र की प्रति विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mgsubikaner.ac.in पर उपलब्ध है।

निदेशक
महाराजा गंगा सिंह सतत् शोधपीठ